8 | उदयपुर दोपहर उदयपुर

उदयपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2013

रॉल्स रॉयस कार पर पुस्तक विमोचित



उदयपुर. गत वर्ष अगस्त में अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के पेबल बीच में हुई विंटेज कारों की विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में उदयपुर के मेवाड़ घराने की विंटेज कार '1924 रॉल्स रॉयस 20 एचपी, बारकर ट्योरर' (जीएलके 21) ने अपनी श्रेणी में प्रथम स्थान पाया। इस समारोह पर लिखी पुस्तक 'द रॉयल उदयपुर आरआरजीएलके 21 क्लासिक ड्राइव फ्रॉम डर्बी टू उदयपुर टू पेबल बीच एण्ड कंटीन्यूस' (कॉफी टेबल बुक) का सोमवार को यहां सिटी पैलेस स्थित शंभू निवास पैलेस में विमोचन किया गया। 197 पेजों एवं 261 रंगीन चित्रों वाली इस किताब में मेवाड़ घराने की ऐतिहासिक कारों, पेबल बीच में आयोजित समारोह सहित विजेता कार का यात्रा वृत्तांत शामिल है।